# ‘श्रीगुरुमाई के वर्ष २०१९ के सन्देश पर अभ्यास-पुस्तिका’ के विषय में जानकारी

**‘श्रीगुरुमाई के वर्ष २०१९ के सन्देश पर अभ्यास-पुस्तिका’ के विषय में**

**अभ्यास-पुस्तिका क्या है?**

- अभ्यास-पुस्तिका एक ऑनलाइन साधन है जिसकी रचना श्रीगुरुमाई के वर्ष २०१९ के सन्देश का अध्ययन करने में आपकी सहयता करने के लिए की गई है।
- इस अभ्यास-पुस्तिका में ३६ अभ्यास-पत्र हैं, जो ३० जनवरी से हर सप्ताह एक-एक करके पोस्ट किए जाएँगे।
- हर अभ्यास-पत्र में श्रीगुरुमाई द्वारा प्रदान किया गया एक प्रश्न है जो वर्ष २०१९ के उनके सन्देश के आपके अध्ययन को मार्गदर्शित करेगा। साथ ही इसमें कुछ गतिविधियाँ हैं जो इस प्रश्न का अन्वेषण करने में आपकी सहायता करेंगी।

**मैं अभ्यास-पुस्तिका को किस प्रकार ऐक्सेस कर सकता हूँ?**

- अभ्यास-पुस्तिका को ऐक्सेस करने के लिए दो विकल्प हैं।
    - अभ्यास-पुस्तिका बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के एक बार से अधिक प्रतिभागिता के सभी पैकेज्स के साथ उपलब्ध है। इन पैकेज्स की जानकारी के लिए ‘एक बार से अधिक प्रतिभागिता पैकेज’ [Multiple Participation Package] का पृष्ठ देखें।
    - अभ्यास-पुस्तिका का क्रय अलग से भी किया जा सकता है। पंजीकरण [Register] करने के लिए ‘श्रीगुरुमाई के वर्ष २०१९ के सन्देश पर अभ्यास-पुस्तिका’ का अंग्रेज़ी पृष्ठ देखें।

**क्या अभ्यास-पुस्तिका के लिए कोई पूर्वापेक्षाएँ हैं?**

- अभ्यास-पुस्तिका के लिए पंजीकरण करने से पूर्व, ‘मधुर सरप्राइज़ २०१९’ में भाग लेना आवश्यक है।

**अभ्यास-पुस्तिका किन भाषाओं में उपलब्ध रहेगी?**

अभ्यास-पुस्तिका अंग्रेज़ी, हिन्दी, स्पैनिश, फ़्रेंच, जर्मन, इटैलियन, पुर्तगाली, चीनी और जापानी भाषाओं में उपलब्ध रहेगी।

**अध्ययन का यह साधन सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर कब तक उपलब्ध रहेगा?**

- यह अभ्यास-पुस्तिका सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर ईस्टर्न स्टैन्डर्ड समयानुसार [यू.एस.ए.] ३१ दिसम्बर, २०१९ की शाम तक उपलब्ध रहेगी।

**क्या मैं अपने परिजनों व मित्रों को अपने साथ अभ्यास-पुस्तिका में भाग लेने के लिए आमन्त्रित कर सकता हूँ?**

- यदि अन्य लोगों ने भी पंजीकरण कराया है तो आप उनके साथ मिलकर अभ्यास-पुस्तिका का अध्ययन कर सकते हैं।
- परिवारों के लिए पंजीकरण राशि हेतु नीचे दी गई पंजीकरण सम्बन्धी जानकारी देखें।

## पंजीकरण सम्बन्धी जानकारी

**अभ्यास-पुस्तिका के लिए पंजीकरण राशि क्या है?**

- यदि आप 'एक बार से अधिक प्रतिभागिता पैकेज' के लिए पंजीकरण कराते हैं तो अभ्यास-पुस्तिका बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध है।
    - पैकेज के शुल्क की जानकारी के लिए 'एक बार से अधिक प्रतिभागिता पैकेज' [Multiple Participation Package] का पृष्ठ देखें।
- यदि आप अभ्यास-पुस्तिका का पंजीकरण अलग से कराना चाहते हैं, तो पंजीकरण शुल्क इस प्रकार हैं :
    - व्यक्तिगत पंजीकरण शुल्क : यू.एस. डॉलर २९.९५ [US $ 29.95]
    - परिवार [एक ही घर में रह रहे] के लिए पंजीकरण शुल्क : यू.एस. डॉलर ४४.९५ [US $ 44.95]

  **कृपया नोट करें :** इस राशि में स्थानीय कर [local taxes] शामिल नहीं हैं। यदि कोई अतिरिक्त कर होगा तो वह पैकेज का पंजीकरण कराते समय जोड़ा जाएगा।

**'मधुर सरप्राइज़' में एक से अधिक बार भाग लेने के लिए, मैं एक पैकेज में पंजीकरण करा चुका हूँ। क्या मुझे अभी भी अभ्यास-पुस्तिका के लिए पंजीकरण कराना होगा?**

- यदि आपने एक बार से अधिक प्रतिभागिता के किसी पैकेज में पंजीकरण कराया है, तो आपको अभ्यास-पुस्तिका का ऐक्सेस अपने आप ही मिल गया है।

**क्या मुझे अभ्यास-पुस्तिका में भाग लेने के लिए किसी पैकेज में पंजीकरण कराना होगा?**

- नहीं, यदि आपने 'मधुर सरप्राइज़ २०१९' में एक बार भाग लिया है तो 'एक बार से अधिक प्रतिभागिता पैकेज' में पंजीकरण कराए बिना भी आप अभ्यास-पुस्तिका के लिए अलग से पंजीकरण करा सकते हैं।

**क्या यह अभ्यास-पुस्तिका सिद्धयोग ध्यान केन्द्रों पर उपलब्ध होगी?**

- नहीं, अभ्यास-पुस्तिका की विषय-वस्तु केवल ऑनलाइन ही ऐक्सेस की जा सकती है।

**क्या मैं अभ्यास-पुस्तिका का पंजीकरण सिद्धयोग केन्द्र पर करा सकता हूँ?**

- आप सिद्धयोग केन्द्र पर अभ्यास-पुस्तिका का पंजीकरण नहीं करा सकते हैं; आप अभ्यास-पुस्तिका का पंजीकरण केवल सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर ही करा सकते हैं।
- आप सिद्धयोग केन्द्र पर 'एक बार से अधिक प्रतिभागिता पैकेज' का क्रय कर सकते हैं। ऐसा करने पर आपको अभ्यास-पुस्तिका का ऑनलाइन ऐक्सेस अपने आप ही मिल जाएगा।

**मैंने स्थानीय केन्द्र पर 'मधुर सरप्राइज़' में भाग लिया है। पंजीकरण कराते समय मैं यह किस प्रकार सूचित कर सकता हूँ कि मैंने 'मधुर सरप्राइज़' में पहले भाग लिया है?**

- 'मधुर सरप्राइज़' में अपनी प्रतिभागिता की पुष्टि करने के लिए 'पंजीकरण पृष्ठ' पर एक चेक बॉक्स है जिस पर आपको क्लिक करना होगा।

**यदि मैं अभ्यास-पुस्तिका के लिए अभी भुगतान करता हूँ और बाद में 'एक बार से अधिक प्रतिभागिता पैकेज' के लिए पंजीकरण कराता हूँ, तो क्या अभ्यास-पुस्तिका के भुगतान की राशि मुझे वापस मिलेगी?**

- नहीं। अभ्यास-पुस्तिका, सम्पूर्ण पैकेज का ही एक भाग है और इसे पैकेज की राशि में से घटाया या वापस नहीं किया जा सकता है।

**पंजीकरण कैन्सलेशन [निरस्त] करने की नीति**

**पंजीकरण किस तरह कैन्सल किया जा सकता है?**

- एक बार अभ्यास-पुस्तिका का पंजीकरण हो जाने पर, राशि वापस नहीं हो सकती है।

## तकनीकी जानकारी

### क्या मैं अभ्यास-पुस्तिका को अपने मोबाइल पर ऐक्सेस कर सकता हूँ?

- जी हाँ, ऐसा कोई भी उपकरण अभ्यास-पुस्तिका का ऐक्सेस करने के लिए उपयुक्त है जिस पर आप सिद्धयोग पथ की वेबसाइट को चला सकें।

### मुझे तकनीकी सहायता किस प्रकार प्राप्त होगी?

- यदि आपको किसी प्रकार की तकनीकी समस्या है, तो कृपया **webmaster@syda.org** पर सम्पर्क करें।

© २०१९ एस.वाय.डी.ए. फ़ाउन्डेशन® । सर्वाधिकार सुरक्षित।